# बाबा जब भी जिसने तेरा नाम पुकारा है भजन लिरिक्स

बाबा जब भी जिसने,
तेरा नाम पुकारा है,
तूने तूने उस जीवन को,
हाथों से संवारा है,
बाबा जब भीं जिसने,
तेरा नाम पुकारा है।bd।

---

सब कुछ पाया मैंने,
तुमसे मेरे श्याम धणी,
रहे किरपा तेरी बाबा,
हम पर यूँ बहुत घणी,
बिन तेरी किरपा बाबा,
हमें कुछ ना गवारा है,
तूने तूने उस जीवन को,
हाथों से संवारा है,
बाबा जब भीं जिसने,
तेरा नाम पुकारा है।bd।

---

जब कोई ना था मेरा,
तुझको पाया मैंने,
कितने ही तूफानों के,
मुँह मोड़ दिये तूने,
मैं गर्व से कहता हूँ,
बाबा श्याम हमारा है,
तूने तूने उस जीवन को,
हाथों से संवारा है,
बाबा जब भीं जिसने,
तेरा नाम पुकारा है।bd।

---

तू जबसे मिला मुझको,
आसान हुआ जीवन,
जीने का मजा आया,
दु:ख भूल गया भगवन,
तू ही आधार मेरा,
और तू ही सहारा है,
तूने तूने उस जीवन को,
हाथों से संवारा है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा जब भीं जिसने,
तेरा नाम पुकारा है।bd।

मैं कुछ नहीं दे सकता,
तुझे श्याम प्रभु मेरे,
तेरा नाम जो लेता हूँ,
सम्भ नहीं बिन तेरे,
तुझसे ही ये सांसे है,
सांसो से तू प्यारा है,
तूने तूने उस जीवन को,
हाथों से संवारा है,
बाबा जब भीं जिसने,
तेरा नाम पुकारा है।bd।

बाबा जब भी जिसने,
तेरा नाम पुकारा है,
तूने तूने उस जीवन को,
हाथों से संवारा है,
बाबा जब भीं जिसने,
तेरा नाम पुकारा है।bd।

स्वर – संजय मित्तल जी।
प्रेषक – Abhishek
8946833348

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com